समाचार

नोवल कोरोना वायरस

राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया कीटाणुनाशक शोधन कक्ष (सेनेटाईजेशन रूम) का लोकार्पण

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री राहुल देव रहे उपस्थित, नगर निगम कोरबा ने बुधवारी बाजार व पुराना बस स्टैण्ड गीतांजलि भवन के सामने स्थापित कराएं शोधन कक्ष)

कोरबा 07 अप्रैल 2020 –राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं नियंत्रण की दिशा में आज निगम द्वारा स्थापित 02 कीटाणुनाशक शोधन कक्षों का लोकार्पण किया, इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री राहुल देव उपस्थित थे।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण की दिशा में नगर निगम कोरबा द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यो की कड़ी में निगम द्वारा बुधवारी बाजार कोरबा में कान्ट्रेक्टर उमेश राठौर के सहयोग से कीटाणुनाशक शोधन कक्ष (सेनेटाईजेशन रूम) स्थापित कराया गया है। इसी प्रकार पुराना बस स्टैण्ड कोरबा स्थित गीतांजलि भवन के सामने कान्ट्रेक्टर अभिषेक गोयल के सहयोग से कीटाणुनाशक शोधन कक्ष बनाया गया है, जिसमें सेनेटाईजर का उपयोग कर फुहारों के माध्यम से कक्ष के अंदर प्रवेश करने वाले व्यक्ति को सेनेटाईज किया जा रहा है। निगम द्वारा उक्त शोधन कक्षों हेतु सेनेटाईजेशन उपलब्ध कराया जा रहा है तथा उनके देखरेख व संचालन के लिए निगम कर्मचारियों की तैनाती की गई है। आज प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने सोशल डिस्टेंसिंग मेनटेन करते हुए फीता काटकर उक्त दोनों कीटाणुनाशक शोधन कक्षों का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि निगम द्वारा नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव की दिशा में यह एक अच्छा कदम उठाया गया है, जो निश्चित रूप से सराहनीय है। उन्होने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में राज्य सरकार कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण की दिशा में पूरी सजगता के साथ कार्य कर रहा है, छत्तीसगढ़ की स्थिति अन्य राज्यों से बेहतर है,

10 में से 09 संक्रमित व्यक्ति इलाज उपरांत ठीक हो चुके हैं, जो एक व्यक्ति शेष है वह भी दो–चार दिनों में स्वस्थ हो जाएगा, उसकी हालत बेहतर है। उन्होने कहा कि मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर नोवल कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ी जा रही इस लड़ाई में शीघ्र ही विजय प्राप्त करेंगे, मैं नागरिकबंधुओं से अपील करता हूँ कि वे सजग रहें, सतर्कता बरते तथा लाकडाउन का पूरा पालन करें। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने शहर के अन्य प्रमुख स्थानों, अस्पतालों में भी सेनेटाईजेशन रूम स्थापित किए जाने की आवश्यकता जतायी तथा निगम के इस कदम की सराहना की। इस अवसर पर पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, निगम के मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, पीयूष राजपूत, प्रवीण पाण्डेय आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

औद्योगिक प्रतिष्ठानों से की अपील– राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने नगर निगम कोरबा के द्वारा कीटाणुनाशक शोधन कक्षों की, की गई स्थापना की प्रशंसा करते हुए यहां पर स्थित समस्त सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों एन.टी.पी.सी., बालको, सी.एस.ई.बी., एस.ई.सी.एल. आदि से आग्रह करते हुए कहा कि प्रतिष्ठान भी अपने–अपने क्षेत्रों में समुचित मात्रा में कीटाणुनाशक शोधन कक्षों को स्थापित कराएं ताकि नोवल कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ी जा रही इस लड़ाई को और अधिक बल मिल सके।

आज 1282 लोगों को राशन सामग्री किट, 3297 को बना हुआ भोजन– लाकडाउन के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति भूखा न रहे, उन्हे पर्याप्त खाद्य सामग्री एवं बना हुआ भोजन उपलब्ध हों, इस हेतु नगर निगम कोरबा विभिन्न संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों व दानदाताओं के सहयोग से पूरी मुस्तैदी के साथ डटा है। इस कार्य में स्वयंसेवी संस्थाएं, सामाजिक संगठन व दानदाता बढ़–चढ़कर अपना सहयोग दे रहे हैं, इसी कड़ी में आज 3297 व्यक्तियों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया, वहीं 1282 व्यक्तियों को निःशुल्क राशन सामग्री के किट का वितरण किया गया। बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में अग्रवाल समाज, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, गायत्री प्रज्ञापीठ, जैन समाज, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी, आर्ट आफ लिविंग, संकल्प महिला मण्डल, बंगाली कल्चरल एसोसिएशन काली मंदिर बालको, एक्ट आफ ह्यूमिनिटी, जंगली फैमिली कोरबा, अनंत इमेजिन वेलफेयर सोसायटी कोरबा द्वारा 3297 पैकेट बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया।